भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न संख्या : 2408

सोमवार, 10 अगस्त, 2026 (19 श्रावण 1948 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान योजना के अंतर्गत संपर्कता

2408. श्री देरेक ओब्राईनः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में असेवित तथा अल्प-सेवित हवाई पट्टियों एवं विमानपत्तनों की सूची तथा उड़ान योजना के अंतर्गत उनकी संपर्कता का ब्यौरा क्या है;

(ख) उड़ान योजना के अंतर्गत न आने वाली असेवित हवाई पट्टियों तथा विमानपत्तनों की सूची तथा उन्हें संपर्कता प्रदान करने हेतु सरकार की क्या योजनाएं हैं;

(ग) उड़ान योजना के अंतर्गत प्रचालनरत विमान सेवा कंपनियों को दी जाने वाली अपेक्षित सब्सिडी तथा इसकी विस्तृत वित्तीय रूपरेखा क्या है; और

(घ) योजना के अंतर्गत किराया-सीमांकन का प्रभाव तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): असेवित और अल्पसेवित हवाईपट्टियों की सूची 'उड़ान' योजना दस्तावेज़ में निम्नलिखित वेबसाइट https://www.aai.aero/sites/default/files/rcs_udan/Approved%20Scheme%20UDAN%205.5.pdf पर उपलब्ध है। क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-'उड़ान') के तहत, देशभर में 17 हेलीपोर्टों और 2 वॉटर एयरोड्रोमों सहित 95 हवाईअड्डों को जोड़ने वाले कुल 679 आरसीएस मार्ग प्रचालनरत किए गए हैं।

देशभर में अल्पसेवित और असेवित हवाईअड्डों तक पहुँच का विस्तार करके क्षेत्रीय हवाई संपर्क को और सुदृढ़ करने के लिए 'उड़ान' योजना का अगला चरण दिनांक 04.07.2026 को लॉन्च किया गया था।

(ग): 'उड़ान' योजना के तहत, चयनित एयरलाइन प्रचालकों (एसएओ) को परिचालन की लागत और अपेक्षित राजस्व के बीच के अंतर को पाटने के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) प्रदान किया जाता है, जिससे किफायती और संधारणीय क्षेत्रीय हवाई संपर्क को सक्षमकारी बनाया जा सके। 'उड़ान' योजना के अगले चरण के तहत, एयरलाइन प्रचालकों को 10 वर्षों में वीजीएफ के रूप में 10,043 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता की परिकल्पना की गई है।

(घ): इस योजना के तहत, प्रत्येक आरसीएस उड़ान में लगभग 50% सीटों को आरसीएस सीटों के रूप में नामित किया जाता है और इन्हें वीजीएफ के माध्यम से समर्थित सीमित हवाई किराए पर पेश किया जाता है, जिससे देश के असेवित और अल्पसेवित क्षेत्रों में यात्रियों के लिए किफायती हवाई संपर्क सुनिश्चित होता है।

*****